दिन– बुधवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 03 / 09 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　अवधि– 05 मिनट

---

एनडीए ने महागठबंधन की वोटर अधिकार यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां के लिए अपशब्द कहे जाने के विरोध में कल बिहार बंद का ऐलान किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने पटना में कहा कि बंद की कमान एनडीए की महिला इकाई के जिम्मे होगी। बंद का आयोजन सुबह सात बजे से दोपहर बारह बजे तक होगा।

———————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आज नई दिल्ली में बिहार भाजपा की कोर कमिटी की बैठक होगी। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, बिहार प्रभारी विनोद तावड़े, केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह और नित्यानंद राय समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव की रणनीति को लेकर विचार–विमर्श किया जायेगा। साथ ही एनडीए के घटक दलों के साथ सीट बंटवारे पर भी मंथन होगा।

———————————————————————

हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के संरक्षक और केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए से कम से कम बीस सीटों की मांग की है। श्री मांझी ने कहा कि उनकी पार्टी को मान्यता दिलाने के लिए कम से कम बीस सीटों पर चुनाव लड़ना जरूरी है। उन्होंने कहा कि उनकी इस मांग पर एनडीए के सभी घटक दलों को सहानुभूतिपूर्वक विचार करना चाहिए।

———————————————————————

बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर राजद विधायकों की पटना में एक बैठक नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव के आवास पर हो रही है। वोटर अधिकार यात्रा के बाद राजद विधायकों की यह पहली बैठक है। प्राप्त जानकारी के अनुसार

बैठक में चुनाव तैयारियों को लेकर रणनीति पर चर्चा के साथ–साथ वोटर अधिकार यात्रा के दौरान आम लोगों से मिली प्रतिक्रिया पर भी चर्चा हो रही है।

———————————————————

जीएसटी परिषद की छप्पनवीं बैठक आज नई दिल्ली में हो रही है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण इस दो दिवसीय बैठक की अध्यक्षता कर रही हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार बैठक में अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों पर विचार–विमर्श किया जा रहा है, जिसमें कर दरों को युक्तिसंगत बनाना और अनुपालन को सरल बनाना शामिल है। बैठक में जीएसटी मंत्री समूह के अध्यक्ष और बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी समेत विभिन्न राज्यों के वित्तमंत्री शामिल हैं।

———————————————————

आयकर विभाग की टीम ने किशनगंज के एक व्यापारिक समूह के ठिकाने पर छापेमारी कर सौ करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की बेनामी संपत्ति का खुलासा किया है। समूह के चार राज्यों स्थित चालीस ठिकानों पर छापेमारी की गयी। बिहार में पच्चीस ठिकानों पर जांच एजेंसी ने छापेमारी की। आयकर विभाग के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि छापेमारी के दौरान एक हजार से अधिक संपत्ति के कागजात मिले हैं। साथ ही भारी मात्रा में सोने के आभूषण भी बरामद किये गये।

———————————————————

राजगीर में एशिया कप पुरूष हॉकी प्रतियोगिता में आज से सुपर फ़ोर के मुकाबले शुरू हो रहे हैं। भारत के अलावा, चीन, मलेशिया और कोरिया ने सुपर फ़ोर के लिए क्वालीफाई किया है। भारतीय टीम आज अपना पहला सुपर फ़ोर मैच कोरिया के खिलाफ खेलेगी। यह मैच शाम साढे सात बजे राजगीर अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में शुरू होगा। इससे पहले, शाम पांच बजे मलेशिया और चीन के बीच सुपर फ़ोर का मुकाबला होगा।

———————————————————

उर्दू–बांग्ला टीईटी अभ्यर्थियों ने आज पटना में जदयू कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी जल्द से जल्द टीईटी परीक्षा पास अभ्यर्थियों की नियुक्ति की मांग कर रहे थे। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि दस साल पहले एसटीईटी पास करने वाले अभ्यर्थियों की अब तक नियुक्ति नहीं हुई है।

———————————————————————————————————

मौसम विभाग ने कहा है कि पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से प्रदेश में कल से बारिश की गतिविधियों में तेजी आयेगी। विभाग ने कहा है कि बंगाल की खाड़ी में एक निम्न दवाब का क्षेत्र भी बन रहा है, जिससे सामान्य से अधिक बारिश का पूर्वानुमान है। इधर, आज राज्य के दक्षिणी हिस्सों में कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की गयी है।

———————————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।